कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगाँव (छ0ग0)

।।रूचि की अभिव्यक्ति।।

क्रमांक [illegible] /निविदा/स्वा0वि0/2016–17 राजनांदगाँव दिनांक 6/03/2017

नगर पालिक निगम राजनांदगांव वित्त वर्ष 2017–18 हेतु सब्जी बाजार एवं मटन मार्केट हेतु स्थानीय स्वसहायता समुह/स्थानीय एन.जी.ओ से अभिव्यक्ति की रूचि में द्वि–लिफाफा पद्धति के माध्यम से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित करती है।

1. रूचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि -- 24/03/2017 शाम 5.00 बजे तक
2. रूचि की अभिव्यक्ति खोलने की अंतिम तिथि -- 25/03/2017 शाम 5.00 बजे तक

क्रमांक	कार्य का नाम	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मुल्य
1	हाट बाजार , नवनिर्मित मटन एवं मछली मार्केट की संपूर्ण सफाई	20000.00 (बीस हजार रूपये)	750.00

उपरोक्त कार्यो की रूचि की अभिव्यक्ति से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि,विस्तृत रूचि की अभिव्यक्ति, रूचि की अभिव्यक्ति विज्ञप्ति, रूचि की अभिव्यक्ति दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि मे कार्यालय,नगर पालिक निगम, राजनांदगाँव के (स्वास्थ्य विभाग) एवं वेबसाइट **www.mcrjn.com** से प्राप्त की जा सकती है।

06/03/17

आयुक्त

नगर पालिक निगम, राजनांदगाँव

कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगाँव (छ0ग0)

।।सब्जी बाजार एवं मटन मार्केट में सफाई व्यवस्था अभिव्यक्ति की रूचि से कराने हेतु नियम व शर्ते।।

1. सब्जी बाजार/मटन बाजार की सफाई अभिव्यक्ति की रूची के माध्यम से कराने हेतु ईच्छुक निविदाकार को आयुक्त, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के नाम से 20000/– (बीस हजार) अमानती राशि के रूप में एफ.डी.आर./नगद राशि जमा करना होगा।
2. निविदा द्वि–लिफाफा पद्धति के माध्यम से पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट/कुरियर द्वारा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदाकार को संपुर्ण सब्जी बाजार एवं मटन मार्केट के अंदर दुकान एवं चबुतरा एवं संपुर्ण क्षेत्र की रोड–नाली की सफाई नियमित रूप से करना होगा। रविवार को विशेष रूप से सफाई कराना होगा।
4. निविदाकार को सब्जी बाजार में प्रत्येक दुकानदारों व चबुतरा से 5/– प्रतिदिन के दर से स्वयं को वसुलना होगा। इसी प्रकार मटन मार्केट से प्रत्येक चबुतरा व दुकानदारों से 10/– प्रतिदिन के दर से स्वयं निविदाकार को वसुल करना होगा।
5. सब्जी बाजार से निकलने वाले कचरा को कम्पोस्ट ग्राउण्ड/एस.एल.आर.एम. सेंटर में खाली करना होगा।
6. इसी प्रकार मटन मार्केट से निकलने वाले अपशिष्ट को कम्पोस्ट ग्राउण्ड में ले जाकर इंसीनरेटर मशीन से जलाना होगा।
7. इंसीनरेटर मशीन में 200 किलोग्राम अपशिष्ट जलाने में 20 लीटर डीजल खपत होता है। जिसे ठेकेदार को स्वयं वहन करना होगा।
8. इंसीनरेटर मशीन में होने वाले विद्युत खपत का भुगतान नगर पालिक निगम, राजनांदगांव द्वारा किया जायेगा।
9. सब्जी बाजारों में दुकानों की अनुमानित संख्या 350 है और इसी प्रकार मटन मार्केट में दुकानों की अनुमानित संख्या 50 है।
10. उक्त कार्य के संपादन में निगम द्वारा किसी भी प्रकार से राशि नही दी जायेगी।
11. उक्त कार्य को संपादन के लिये ठेकेदार द्वारा नगर पालिक निगम, राजनांदगांव को प्रतिवर्ष कितने राशि दी जायेगी इसका उल्लेख निविदा दर में देना होगा।
12. उक्त कार्य के संपादन के लिये निगम द्वारा एक टाटा एस/ऑटो रिक्शा ठेकेदार को दिया जायेगा। जिसके लिये ड्रायवर एवं डीजल की व्यवस्था निविदाकार को स्वयं करना होगा। गाडी का रख–रखाव भी ठेकेदार को स्वयं करना होगा।
13. किसी भी आकस्मिक घटना/दुर्घटना की संपुर्ण जवाबदारी अनुबंधित निविदाकार की होगी।
14. हाट बाजार एवं मटन मार्केट में स्थित सार्वजनिक शौचालयों एवं मुत्रालयों का भी सफाई करना होगा तथा सप्ताह में दो बार कीटनाशक एवं दुर्गन्धनाशक का छिड़काव करना होगा।
15. निर्धारित दर से अधिक वसूली की शिकायत पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

16. निविदाकार को श्रम नियमों का पालन करना होगा, यदि किसी कर्मचारी के विरूद्ध शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारी द्वारा सूचित करने पर 24 घंटे के अंदर इसे हटाकर अन्य कर्मचारी नियुक्त करना होगा।

17. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी किसी भी प्रकार के वाद विवाद उत्पन्न होने की स्थिती में आयुक्त, नगर पालिक निगम, राजनांदगाँव का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

06/03/17

आयुक्त
नगर पालिक निगम
राजनांदगाँव (छ0ग0)